# सामाजिक विज्ञान : कक्षा IX

## बोर्ड परीक्षा प्रश्न-पत्र : 2014

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) चिपको आन्दोलन की शुरुआत ..................... में हुई।

(ii) ..................... रेखा भारत को लगभग दो बराबर भागों में बाँटती है।

(iii) मोहनजोदड़ो में उत्खनन में एक विशाल ..................... मिला है।

(iv) नागरिकों का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार ..................... कहलाता है।

(v) मौलिक अधिकार ..................... के लिए हैं।

**उत्तर**—(i) 1974, (ii) कर्क, (iii) स्नानगृह, (iv) मताधिकार, (v) नागरिकों।

**प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 1 × 5 = 5

**(i) अंग्रेजों के आगमन के पूर्व ग्रामीण अर्थव्यवस्था थी—**

(अ) मुद्रा आधारित, (ब) आयात पर निर्भर,
(स) आत्म निर्भर, (द) इनमें से कोई नहीं।

**(ii) रोजगार गारण्टी कानून (2005) में कम-से-कम कितने दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है ?**

(अ) 25 दिन, (ब) 50 दिन,
(स) 75 दिन, (द) 100 दिन।

**(iii) अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत कितना खाद्यान्न दिया जाता है ?**

(अ) 5 किलोग्राम, (ब) 10 किलोग्राम,
(स) 15 किलोग्राम, (द) 25 किलोग्राम।

**(iv) वीणाधारी सिक्कों का चलन किस राजवंश ने किया ?**

(अ) मौर्य, (ब) गुप्त,
(स) वर्धन, (द) राजपूत।

**(v) 'प्रजातंत्र जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए संचालित शासन है।' यह किसने कहा ?**

(अ) मैकियावली, (ब) रूसो,
(स) अब्राहम लिंकन, (द) हाब्स।

**उत्तर**—(i) (स), (ii) (द), (iii) (द), (iv) (ब), (v) (स)।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए—** 1 × 5 = 5

| | |
|---|---|
| (अ) नर्मदा नदी | (i) 18 वर्ष की आयु से |
| (ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान | (ii) 11 जुलाई |
| (स) विश्व जनसंख्या दिवस | (iii) रजिया सुल्तान |
| (द) प्रथम मुस्लिम महिला सुल्तान | (iv) मण्डला |
| (इ) मत देने का अधिकार | (v) अमरकंटक |

**उत्तर**—(अ) → (v), (ब) → (iv), (स) → (ii), (द) → (iii), (इ) → (i)।

**प्रश्न 4. एक वाक्य/शब्द में उत्तर दीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) 1985 में ओजोन छिद्र सर्वप्रथम किस क्षेत्र में देखा गया ?

(ii) भारत का क्षेत्रफल लिखिए।

(iii) भारत के कोरोमण्डल तट पर सर्वाधिक वर्षा कब होती है ?

(iv) राजस्थान की प्राकृतिक वनस्पति है .....................।

(v) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौन-सा विदेशी यात्री भारत आया था ?

**उत्तर**—(i) अन्टार्कटिका, (ii) 32,87,263 वर्ग किमी, (iii) जनवरी-फरवरी, (iv) उष्ण कटिबन्धीय कँटीले वन (v) फाह्यान।

**प्रश्न 5. सत्य/असत्य बताइए—** 1 × 5 = 5

(i) कम्बन नामक कवि ने तमिल 'रामायण' की रचना की।

https://www.evidyarthi.in/

(ii) डायसी ने प्रजातंत्र को 'बहुतों का शासन' कहा है।
(iii) प्रत्येक व्यक्ति के मत को समान महत्त्व मिलता है।
(iv) संविधान के अनुच्छेद 19 द्वारा नागरिकों को विधि के समक्ष समानता और संरक्षण प्राप्त है।
(v) देश की प्रथम सूती कपड़ा मिल सन् 1818 में कोलकाता में स्थापित की गई थी।

**उत्तर**–(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 6.** भारत में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश हैं ? 2

*अथवा*

भारत को किन-किन नामों से जाना जाता है ?

**प्रश्न 7.** गंगा नदी की **चार** सहायक नदियाँ कौन-कौन सी हैं ? 2

*अथवा*

भारत की **चार** प्रमुख झीलों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 8.** वन किसे कहते हैं ? 2

*अथवा*

अभ्यारण्य किसे कहते हैं ?

**प्रश्न 9.** वेदों की संख्या एवं उनके नाम लिखिए। 2

*अथवा*

प्राचीन भारत के प्रमुख शिक्षा केन्द्रों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 10.** भारत के समक्ष उपस्थित प्रमुख आर्थिक समस्याएँ कौन-कौन सी हैं ? 2

*अथवा*

भारत में सर्वाधिक गरीब जनसंख्या वाले **तीन** राज्यों के नाम लिखिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 11.** जनसंख्या वृद्धि की कोई **तीन** समस्याएँ लिखिए। 4

*अथवा*

भारत में लिंगानुपात की दर निरन्तर क्यों कम होती जा रही है ? कारण लिखिए।

**प्रश्न 12.** पृथ्वीराज चौहान का भारतीय इतिहास में क्या योगदान रहा है ? लिखिए। 4

*अथवा*

महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास में क्यों प्रसिद्ध हैं ? वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 13.** नागर शैली व द्रविड़ शैली के मन्दिरों में क्या अन्तर है ? लिखिए। 4

*अथवा*

गुप्तकालीन चित्रकला की विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 14.** अशोक के स्तम्भों पर टिप्पणी लिखिए। 4

*अथवा*

मथुरा व गांधार कला में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 15.** प्रजातंत्र के **दो** गुण व **दो** दोषों का वर्णन कीजिए। 4

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

*अथवा*

प्रजातंत्र के आधारभूत सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 16.** राजनीतिक दलों की विशेषताएँ बताइए। **4**

*अथवा*

निर्वाचन आयोग के मुख्य कार्य लिखिए।

**प्रश्न 17** भारत के प्रमुख कुटीर उद्योगों की स्थिति का विवरण दीजिए। **4**

*अथवा*

'सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग भारत का सबसे तेज बढ़ता हुआ उद्योग है।' समझाइए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 18.** उपयोगिता के आधार पर मानचित्र कितने प्रकार के होते हैं ? **5**

*अथवा*

**निम्नलिखित को रूढ़ चिह्नों द्वारा प्रदर्शित कीजिए—**

(i) पक्की सड़क (ii) कुआँ, (iii) तालाब, (iv) मन्दिर, (v) राज्य सीमा।

**प्रश्न 19.** मुगल साम्राज्य के पतन के कारण लिखिए। **5**

*अथवा*

अकबर की राजपूत नीति की विवेचना कीजिए।

**प्रश्न 20.** मौलिक अधिकार किसे कहते हैं ? उसके महत्त्व को समझाइए। **5**

*अथवा*

सूचना के अधिकार से आप क्या समझते हैं ? सूचना अधिकार अधिनियम सम्बन्धी विशेष तथ्यों को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 21.** प्राचीन एवं आधुनिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए। **5**

*अथवा*

एक आदर्श ग्राम की विशेषताएँ क्या-क्या होती हैं ? व्याख्या कीजिए।

**प्रश्न 22.** खरीफ और रबी की फसलों में क्या अन्तर है ? व्याख्या कीजिए। **5**

*अथवा*

भारत में प्रमुख खाद्यान्न कौन से हैं ? विवरण दीजिए।

**प्रश्न 23.** संसाधन से क्या तात्पर्य है ? संसाधन के प्रमुख प्रकारों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **6**

*अथवा*

जल प्रदूषण से क्या आशय है ? भारत में बढ़ते हुए नदी जल प्रदूषण का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 24.** वैदिक सभ्यता का वर्णन कीजिए। **6**

*अथवा*

चन्द्रगुप्त मौर्य की शासन-व्यवस्था की विशेषताएँ लिखिए।

https://www.evidyarthi.in/